दैनिक भास्कर

# अहियापुर में स्प्रिट से नकली शराब बनाने का खुलासा

## Muzaffarpur News - क्राइम रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर अहियापुर के विजय छपरा गांव में पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब दो बजे छापेमारी कर...



Muzaffarpur News explanation of making fake liquor from spirit in ahiapur

Jun 25, 2019, 08:20 AM IST

**क्राइम रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर**

अहियापुर के विजय छपरा गांव में पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब दो बजे छापेमारी कर स्प्रिट से नकली शराब बनाने के अड्डे का खुलासा किया। मौके पर से पुलिस ने 1910 लीटर स्प्रिट, 351 लीटर नकली शराब, 30 बोरा शराब की बोतल को पैक करने वाला कॉर्क, चार बोरा रॉयल स्टैग का स्टिकर, 65 हजार 670 रुपए, चार बोरा खाली बोतल, एक लग्जरी कार, एक बाइक, विभिन्न बैंक के 6 चेकबुक व 5 पासबुक, 16 एटीएम कार्ड, 6 आधार कार्ड, 2 ड्राइविंग लाइसेंस और मोबाइल आदि जब्त की है। सिटी एसपी नीरज कुमार सिंह और नगर डीएसपी मुकुल रंजन के नेतृत्व में विजय छपरा गांव को घेरकर छापेमारी की गई। पुलिस टीम को बताया गया था कि तीन मंजिला भव्य मकान में शराब बनाने का अड्डा है लेकिन छापेमारी के लिए भेजी गई टीम को वहां शराब नहीं मिल रही थी। तब पुलिस को बताया गया कि मकान के गाउंड फ्लोर में एक तहखाना है। जहां शराब का अड्डा है। पुलिस जब तहखाने में पहुंची तो वहां देखकर ही दंग रह गई। इसके बाद पुलिस ने शराब तस्कर रतन कुमार, सुभाष कुमार और छोटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी मनोज कुमार ने बताया कि मकान को सील कर दिया गया है। इसके राज्यसात का प्रस्ताव डीएम को भेजा जाएगा। छापेमारी में सिटी एसपी व नगर डीएसपी के अलावा थानेदार सोना प्रसाद, दारोगा नरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, हरेंद्र कुमार व सुरक्षा बल मौजूद थे।

जब्त शराब खतरनाक, अल्कोहल की मात्रा मानक से काफी अधिक | अड्डे से मिली स्प्रिट और नकली शराब की जांच नगर डीएसपी की मौजूदगी में अहियापुर थाने में सोमवार को उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने की। उत्पाद टीम ने पुलिस को बताया कि जब्त स्प्रिट व शराब में अल्कोहल की मात्रा मानक से काफी अधिक होने की संभावना है।

Source:
https://www.bhaskar.com/bihar/muzaffarpur/news/explanation-of-making-fake-liquor-from-spirit-in-ahiapur-082004-4849352.html